an>

Title: Need to develop a smart city between Baghpat and Baraut.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : माननीय सभापति जी, मेरा संसदीय क्षेत्र दिल्ली से 15 किलोमीटर दूर है। यहां से विकास 1500 किलोमीटर दूर है यानी 'दिये तले अंधेरा' 'darkness under the lamp' यहां टूटी हुई सड़कें हैं, सौ साल से ज्यादा पुरानी ट्रेन हैं। यहां पर पैसेंजर ट्रेन चलती हैं। यहां बहुत बेरोजगारी है। यहां कोई इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, स्किल डेवलपमेंट इंस्टीटयूट नहीं है इसलिए अपराधिकरण बहुत ज्यादा बढ़ रहा है। पड़ोस के घर में अगर आग लगती है तो अपने को भी नुकसान होता है, झुलस लगती है। अगर वहां गड़बड़ होती है तो दिल्ली को भी नुकसान होने वाला है, दिल्ली पर बोझ पड़ने वाला है। मैं आपके माध्यम से शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाई जा रही हैं इसमें से एक स्मार्ट सिटी बागपत और बड़ौत के बीच बनाया जाए। यहां से बागपत 32 कि.मी. तथा बड़ौत केवल 35 किलोमीटर दूर है। यहां बहुत अच्छा पीने का पानी है, शुद्ध वातावरण है। यहां यमुना का किनारा है। इससे दिल्ली को भी फायदा होगा।